भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †2468

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

झुंझुनू में इंडोर स्टेडियम की स्थिति

†2468. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में झुंझुनू जिले का खेल और शिक्षा की दृष्टि से महत्व है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों तथा चालू वित्त वर्ष के दौरान झुंझुनू में युवाओं को खेलों में शामिल होने के लिए और अधिक प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा किए गए / किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है;

(ग) राजस्थान के झुंझुनू जिले में कितने इंडोर स्टेडियम स्थित हैं तथा खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत कितने इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया गया तथा कब-कब किया गया;

(घ) क्या सरकार का राजस्थान के झुंझुनू जिले के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण कार्य शुरू करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो कब तक स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूरा होने की संभावना है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ख): खेल राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास और संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है और केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में पूरक की भूमिका निभाती है। तथापि, सरकार, राजस्थान राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम, राष्ट्रीय खेल परिसंघ स्कीम को सहायता आदि जैसी विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों का संचालन कर रही है। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक (01) खेलो इंडिया

केंद्र और एक (01) खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमी है। इसके अतिरिक्त, राजस्थान राज्य में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तीन (03) प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) हैं, एसटीसी के दो (02) विस्तार केंद्र हैं और एक (01) गोद लिया गया अखाड़ा कार्यशील है।

(ग) से (ङ.): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, राजस्थान राज्य में कुल 60 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) और 1 खेलो इंडिया उत्कृष्टता केन्द्र (केआईएससीई) हैं। इसके अतिरिक्त, राजस्थान के झुंझुनू में दो (02) इनडोर बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण किया गया है। इन परियोजनाओं का विवरण https://mdsd.kheloindia.gov.in/ पर उपलब्ध है।

*****